कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.02.2025

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल थे।

प्राचार्य महोदया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्राओं को खेलकूद में भाग लेना अत्यन्त आवश्यक है क्योंकि हम खेलते-कुद्दते है तो हम खुश रहते है हमारे शरीर का संतुलित विकास होता है और हमारा मन पढ़ाई में लगता है। अच्छे अकादमिक कॅरियर के लिये खेलकूद भी महत्वपूर्ण है।

महाविद्यालय के सत्र 2024 की सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्राओं को प्रावीण्यता पदक एवं प्रमाण से सम्मानित किया जिसमें बी.एस.सी. अन्तिम वर्ष कु. भूमिका देवांगन, बी.कॉम. अन्तिम वर्ष - कु. एक्ता देशमुख, बी.ए. अन्तिम वर्ष - कु. काव्यशिखा, बी.एस.सी. (गृहविज्ञान) अन्तिम - कु. युक्ति देशमुख, एम.एससी. अन्तिम (गणित) कु. डॉली देशमुख, एम.एससी. अन्तिम (भौतिकशास्त्र) कु. ऊषा एवं कु. चांदनी पटेल, एम.एससी. अन्तिम (रसायनशास्त्र) कु. आकांक्षा चन्द्राकर, एम.एससी. अन्तिम (वनस्पतिशास्त्र) कु.चन्द्रमुखी, एम.एससी. अन्तिम (प्राणीशास्त्र) कु. युगलक्ष्मी, एम.एससी. अन्तिम (गृहविज्ञान) कु. डॉली निषाद, एम.ए. अन्तिम (गृहविज्ञान) कु. तृप्ति, एम.ए. अन्तिम (हिन्दी) कु. अमीषा देवांगन, एम.ए. अन्तिम (अंग्रेजी) कु. फरहीन, एम.ए. अन्तिम (अर्थशास्त्र) कु. वंदना शर्मा, एम.ए. अन्तिम (समाजशास्त्र)कु. पायल, एम.ए. अन्तिम (भूगोल) कु. खिलेश्वरी ठाकुर, एम.ए. अन्तिम (राजनीतिशास्त्र) कु. अंजली टण्डन, एम.कॉम. अन्तिम- कु. दामिनी साहू, पीजीडीसीए- अन्तिम कु. डालेश्वरी निषाद, पीजी डिप्लोमा इन योगा - कु. सोनिया साहू, श्रीमती संतोष शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कु. चंचल यादव, यूथ रेडक्रॉस इकाई (B.Sc.-III) गृहविज्ञान कु. देविका देवांगन, क्रीड़ा पीजी डिप्लोमा इन योगा - कु. पूनम नायक, सांस्कृतिक (B.A.-III) कु. प्रेक्षा यादव, ग्रीन आर्मी (M.A.-IV) अर्थशास्त्र, कु. आमनी साहू, एक्वा क्लब (M.Sc.-II) रसायनशास्त्र कु. रूद्राणी। महाविद्यालय द्वारा आयोजित साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी पुरस्कार विस्तृत किया गया।

महाविद्यालय की ओर से विभिन्न खेलों में विश्वविद्यालयीन टीम का हिस्सा बने के लिये खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कृत छात्राओं के नाम निम्नानुसार शैल यादव- टेबल टेनिस, जन्नत अली, डी. कीर्ति, रितिका निषाद, डी. अनुषा, अर्चना निषाद, डी.अश्विनी, ज्योति प्रजापति सभी बॉस्केटबॉल, प्रिया शिखा, राखी सिंह, अनुष्का निषाद, दीप्ति राठौर सभी बॉलीबॉल, भूमिका धनकर, सुमन गर्ग, हर्षा गोडे, मिनाक्षी उमरे, जान्हवी यादव, राजेश्वरी सिन्हा, सृष्टि गुप्ता, निशा सभी हॉकी खिलाड़ी, हिना निर्मलकर, रेणु यादव, योगेश्वरी, उर्मिला निर्मलकर, निशा भोई, विकासिनी कौशिक सभी फुटबॉल खिलाड़ी, धनु ओझा, डिलेश्वरी ओझा, भूमिका ओझा सभी तैराकी खिलाड़ी, सुष्मिता नायक, खुशबू टांडी बॉक्सिंग खिलाड़ी, सत्यभामा- एथलेटिक्स, जया सोरी- कुश्ती, शारदा - खो-खो, ए. अर्चना हैण्डबॉल पुरस्कृत हुए।

उच्च शिक्षा एवं विश्वविद्यालय द्वारा अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें बॉलीबॉल, फुटबॉल, बॉस्केटबॉल, क्रिकेट, कुश्ती, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, तैराकी आदि शामिल है।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन एवं क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव मंच में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले, विभागाध्यक्ष संगीत, क्रीड़ा पुरस्कार का संचाल डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ाधिकारी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनुजा चौहान छात्रसंघ प्रभारी ने किया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थे।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)